षोडश बिहार विधान सभा

दशम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 शुक्रवार, दिनांक-20 जुलाई, 2018 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.18 बजे पूर्वा० तक

[1] **अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन** :-

यथा संलग्न ।

[2] **अध्यासी सदस्यों का मनोनयन** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के दशम् सत्र के लिए निम्नांकित 5 (पाँच) सभा सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया है :-

(i) श्री हरिनारायण सिंह
(ii) श्री (मो०) इलियास हुसैन
(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(iv) श्री (डॉ०) अशोक कुमार
(v) श्रीमती (डा०) रंजु गीता

[3] **कार्यमंत्रणा समिति का गठन** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के दशम् सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया गया :-

(i) अध्यक्ष, बिहार विधान सभा - सभापति
(ii) श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री - सदस्य
(iii) श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्री - सदस्य
(iv) श्री श्रवण कुमार, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग - सदस्य
(v) श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा विभाग - सदस्य
(vi) श्री प्रेम कुमार, मंत्री, कृषि विभाग - सदस्य
(vii) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल - सदस्य
(viii) श्री सदानंद सिंह, स०वि०स० - सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०

(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०

(iii) श्री सुधांशु शेखर, स०वि०स०

(iv) श्री राजू तिवारी, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[4] अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा षोडश बिहार विधान सभा में उद्‌भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित एवं महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित निम्न 03 (तीन) विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा गया :-

क्रमांक	विधेयकों का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार राज्य जल और वाहित मल बोर्ड (निरसन) विधेयक, 2017	10.03.2018
(ii)	बिहार कृषिक एवं ग्रामीण क्षेत्र विकास एजेन्सी (निरसन) विधेयक, 2017	17.04.2018
(iii)	बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (संशोधन) विधेयक, 2017	17.05.2018

सभा सचिव द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के नवम् सत्र में उद्‌भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित एवं महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित निम्न 04 (चार) विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा गया :-

क्रमांक	विधेयकों का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार विनियोग विधेयक, 2018	14.03.2018
(ii)	बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2018	28.03.2018
(iii)	बिहार विद्युत शुल्क विधेयक, 2018	20.04.2018
(iv)	बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2018	20.04.2018

[5] वित्तीय कार्य :-

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण को सभा पटल पर उपस्थापित किया गया ।

[6] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई :-

(i) स्व० प्रेम प्रदीप, पूर्व लोक सभा सदस्य

(ii) स्व० नील मोहन सिंह, पूर्व बिहार विधान सभा सदस्य

(iii) स्व० कामेश्वर पासवान, पूर्व लोक सभा, राज्य सभा, बिहार विधान सभा के सदस्य एवं पूर्व मंत्री बिहार सरकार

(iv) स्व० ललितेश्वर प्रसाद शाही, पूर्व लोक सभा एवं पूर्व बिहार विधान सभा सदस्य तथा पूर्व मंत्री केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार

(v) स्व० बागुन सुम्बरूई, पूर्व लोक सभा एवं पूर्व बिहार विधान सभा सदस्य तथा पूर्व मंत्री बिहार सरकार

(vi) स्व० डॉ० पदमाशा झा, पूर्व बिहार विधान परिषद् सदस्य

(vii) स्व० ऋषिकेश तिवारी, पूर्व बिहार विधान सभा सदस्य एवं पूर्व मंत्री बिहार सरकार

(viii) स्व० राजकुमार महासेठ, पूर्व बिहार विधान सभा एवं परिषद् सदस्य तथा पूर्व मंत्री बिहार सरकार

तदोपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संवेदना शोक संतप्त परिवार के पास संदेश भेज दिये जाएँगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 23 जुलाई, 2018 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-20.07.2018

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।